


## एक नजर में

### अखंड भारत घूमने की चाह लेकर ओंकारेश्वर से उज्जैन पहुंचे सागर गुप्ता



**उज्जैन।** अखंड भारत घूमने की चाह को लेकर 25 साल के युवा सागर गुप्ता कावड़ लेकर ओंकारेश्वर से उज्जैन पहुंचे। सागर गुप्ता नर्मदा के जल से बाबा महाकाल का अभिषेक कर आशीर्वाद लेंगे। ओंकारेश्वर से लेकर उज्जैन तक 180 किलोमीटर की पैदल कावड़ उठाकर पहुंचे सागर गुप्ता का शिवसेना और शहर वासियों ने स्वागत किया। उज्जैन में रहने वाले सागर बोल बम के नारे लगाते हुए उज्जैन पहुंचे तो उसका स्वागत शिव सैनिकों और शहरवासियों ने माला पहनाकर और पुष्प उड़ाकर किया। सागर गुप्ता ने अखंड भारत घूमने की मन्नत पूरी करने के लिए कावड़ यात्रा की है वे अपने दोस्त के साथ कावड़ लेकर निकले। अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, तिब्बत ये सभी भारत यात्रा में शामिल है।

### शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**माकड़ोन।** शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं पुलिस थाना माकड़ोन के संयुक्त तत्वावधान में अभिमुखीकरण एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ, तत्पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। डॉ. राजेंद्र सिंह सिसोदिया, डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता एवं डॉ. शबाना शेख (विज्ञान संकाय) द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रदीप सिंह राजपूत (इंचार्ज, थाना माकड़ौन) ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित ने की। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और नेतृत्व सिखाती है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीता जाधव ने एनएसएस के उद्देश्यों, गतिविधियों और स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह योजना युवाओं को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का अवसर देती है। स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. नमन सारस्वत ने खेल गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि नशा त्याग कर खेलों को अपनाना ही युवा शक्ति के लिए श्रेष्ठ विकल्प है। पुलिस टीम से महेन्द्र चौधरी, सुदर्शन राठौर, रमजान, आशीष धाकड़ एवं जितेन्द्र सिंह राठौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन डॉ. नीता जाधव द्वारा किया गया तथा आभार डॉ. नमन सारस्वत ने व्यक्त किया।

### स्वच्छता में ऐतिहासिक उपलब्धि नागदा को मिला, 1 स्टार का गौरव

**नागदा।** नगर पालिका परिषद नागदा ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में (वन स्टार) का दर्जा प्राप्त किया है। जी एफसी (गार्बेज फ्री सीटी) एवं ओडीएफ++ (ओपेन डेफिकेशन फ्री++) की मान्यता मिलने पर समस्त शहरवासियों एवं जनसेवकों में हर्ष की लहर है। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में सफाई मित्रों एवं स्वच्छता टीम का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत ने सभी जनसेवकों का स्वागत करते हुए कहा पिछले कई वर्षों से नागदा शहर स्वच्छता की राष्ट्रीय रैंकिंग में पिछड़ रहा था, किंतु इस बार हमारे सफाई मित्रों, नगर कर्मचारियों और नगरवासियों के सामूहिक प्रयासों से यह सम्मान प्राप्त हुआ है। यह एक समर्पण, प्रतिबद्धता और निरंतर परिश्रम का परिणाम है। समारोह में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुमन, निलेश पंचोली, गौरव यादव, रामकुंवर सिसोदिया, अनीता मीणा, अनिल जोशी, भावना रावल, बिट्टू यादव, कौशल्या ठाकुर, हिम्मत राठौर, अमर सोलंकी, विशाल रघुवंशी, रूपम ठाकुर, योगेश मीणा, संजय राठौर, दीपक जैन, पवन भारती, ओमप्रकाश परमार नागराज, संजय गवरी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र शर्मा द्वारा किया गया। जानकारी नगर मंडल के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन शुरू

**घट्टिया।** नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट *navodaya.gov.in Øæ cbseitms.rcil.gov.in* पर अंतिम तिथि से पहले अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उक्त चयन परीक्षा 13 दिसंबर को होगी। नवोदय में चयन परीक्षा में आवेदन करने हेतु बच्चे का मूल निवास प्रमाण पत्र उसी जिले का होना चाहिए जहां के लिए वह आवेदन कर रहा है। बच्चे ने कक्षा 3, 4 और 5 की पढ़ाई सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त या सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय से की हो एसे विद्यार्थी उक्त परीक्षा हेतु पात्र हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जुलाई है व कुल सीटों की 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए आरक्षित है।

### 28 वर्षों से सावन माह में होता है अखंड रामायण पाठ युवा भी लेते है हिस्सा


**घट्टिया।** समीपस्थ गाव बेलाखेड़ा में श्रीराम मंदिर पर विगत 28 वर्षों से सावन माह में अखंड रामायण परायण का आयोजन होता है। रामायण मित्र मंडल के तत्वावधान में गाव के युवा व पुरुष प्रतिदिन रामायण परायण में हिस्सा लेते हैं। गांव के हर घर से प्रतिदिन 4 लोग बारी बारी रामायण परायण करते हैं। रामायण परायण को लेकर युवाओ में खासा उत्साह रहता है जो कि आज की पाश्चात्य संस्कृति से परे होकर युवाओं आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर करती है।

### माली समाज करेगा शिक्षा एवं खेल क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान

**उज्जैन।** श्री गुजराती रामी माली समाज द्वारा प्रादेशिक स्तर पर शिक्षा एवं खेल क्षेत्र की समाज प्रतिभाओं का सम्मान अभिनंदन किया जाएगा। माली समाज के प्रादेशिक शिक्षा समिति अध्यक्ष दिनेश परमार ने बताया कि 20 जुलाई रविवार को नरसिह घाट समाज धर्मशाला में कक्षा आठवीं, कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं के ऐसे विद्यार्थी जिन्हें 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं, उन्हें समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह राज्य स्तरीय, संभाग स्तरीय खिलाड़ियों का भी सम्मान किया जाएगा। सम्मान कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण होने को है, लगभग 250 चयनित विद्यार्थी व खिलाड़ी इस दौरान सम्मानित होंगे। श्री परमार ने पूरे प्रदेश से माली समाज के कार्यकर्ता एवं समाज वरिष्ठों एवं बच्चों के अभिभावकों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर बच्चों का उत्साह वर्धन करें।

# श्री केसरियनाथ यक्षराज माणिभद्र महातीर्थ शत्रुंजय तप आज से

- अवंतिका की पुण्य धरा पर प्रथम बार होंगे श्री माणिभद्र वीर के 21 लाख मंत्र आलेखन





**उज्जैन। श्री केसरियनाथ यक्षराज माणिभद्र महातीर्थ, भेरुगढ़ पर आज 19 जुलाई से प्रभावशाली, मंगलदायक व कल्याणकारी शत्रुंजय तप आरंभ होगा। अवंतिका की पुण्य धरा पर प्रथम बार श्री माणिभद्र वीर के 21 लाख मंत्र आलेखन से सर्व सिद्धि की प्राप्ति का स्वर्णिम अवसर होगा।**

श्री आदेश्वर-चन्दाप्रभुजी ट्रस्ट नयापुरा के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी व प्रदीप दख ने बताया कि श्री केसरियानाथ यक्षराज माणिभद्र वीर तीर्थ, भेरुगढ़ पर विराजित आचार्य श्री अशोकसागारससूरिश्वर जी म.सा. ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा की जैन शासन में शत्रुंजय तप का विशेष महत्व यह है की शत्रुंजय तप जैन धर्म का एक अत्यंत पुण्यदायक, पावन और महत्वपूर्ण तप माना जाता है। इसका संबंध भगवान ऋषभदेव अतार्थ आदिनाथ भगवान से है, जिन्होंने शत्रुंजय पर्वत पलिताना, गुजरात पर असंख्य बार ध्यान और उपदेश दिया। शत्रुंजय तप की विशिष्टता शत्रुओं पर विजय हासिल करना है यहां शत्रु बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया आदि होते हैं। यह तप करके साधक अपने इन आंतरिक शत्रुओं को जीतने में सफल होता है, शत्रुंजय तप की विशेषता स्वयं में तपस्या है व उपासना, आराधना और भक्ति करके भगवान आदिनाथ के दर्शन, पूजा, अष्टप्रकारी पूजन, स्तवन और ध्यान करने से यह तप आत्मा को शुद्ध, शांत और संयमी बनाता है, इससे व्यक्ति के कर्मों का क्षय होता है और मोक्ष मार्ग में महत्वपूर्ण साधना है तथा मानसिक बल, आत्मबल और धैर्य में वृद्धि होती है व पूर्व जन्मों के पापो से भी मुक्ति मिलती है। जैन शास्त्रों व जैन आगमों एवं ग्रंथों में कहा गया है की 42 दिन की साधना में 21 दिन उपवास का व्रत रखा जाता है व प्रभु भक्ति में लीन रहकर संसार से वैराग्य का अनुभव किया जाता है तथा शत्रुंजय तप न केवल शरीर का बल्कि आत्मा का भी तप है व यह तप जीवन को आध्यात्मिक ऊँचाइयों पर ले जाने का सर्वोत्तम साधन है। साथ ही प्रवचनकार आचार्य श्री सागरचंदसागरसूरी जी म. सा. ने कहा की उज्जैन के इतिहास में पहली बार रविवार से श्री माणिभद्र वीर के मंत्र का आलेखन आरम्भ हो रहा है। श्री माणिभद्र वीर जैन शासन के एक शक्तिशाली यक्ष देव हैं, सुरक्षा, व्यापार में वृद्धि, और संकट निवारण के लिये उनकी आराधना की जाती है ऐसे चमत्कारिक यक्षराज के मंत्रों का आलेखन अतार्थ बार-बार मंत्र लिखना साधक के जीवन में चमत्कारी बदलाव लाता है मन्त्र आलेखन से मन की एकाग्रता बढ़ती है।

> यह विशिष्ट आलेखन साधना आपके आसपास की नकारात्मक शक्तियों को शांत करता है एवं व्यापार व धन में वृद्धि निश्चित है, क्यूंकि माणिभद्र वीर को धन व व्यापार के संरक्षक देव माना जाता है व मंत्र आलेखन से व्यवसाय में स्थिरता व लाभ होता है तथा रोग, भय और संकटों से रक्षा करता है उपरोक्त मंत्र साधना संकट निवारण में सहायक होता हैं और रोगों से मुक्त करता है तथा आध्यात्मिक शक्ति में वृद्धि करता है 100 दिन नियमित आलेखन से साधक की आत्मिक ऊर्जा और साधना शक्ति वृद्धि होती है। यह माना जाता है कि श्रद्धा व नियमपूर्वक आलेखन करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है। श्री आदेश्वर- चंदाप्रभुजी ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष दुग्गड, आत्मजय चातुर्मास के अध्यक्ष व मुख्य लाभार्थी प्रकाश सांवरा व ट्रस्ट मण्डल ने सभी श्रावक-श्राविकाओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मलित होकर आराधना करने का आग्रह किया है।



## 19, 20 जुलाई को सावन माह मे लगेगा सतरंगी मेला

- श्री माहेश्वरी टॉप 10 फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा माहेश्वरी धर्मशाला गोलामंडी में किया जाएगा आयोजन

**उज्जैन। श्री माहेश्वरी टॉप 10 फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा सावन माह मे सतरंगी मेले का आयोजन 19 एवं 20 जुलाई को माहेश्वरी धर्मशाला गोलामंडी मे किया जा रहा है।**

संतरंगी मेले मे आकर्षक गिफ्ट हेमपर, लकी ड्रा का आयोजन, 20 जुलाई को महा तंबोला का आयोजन होगा। जिसमें पुरस्कार स्वरूप नगद राशि प्रदान की जाएगी। मेले मे विभिन्न तरह के स्टाल विभिन्न स्थानो से आ रहे है। मेले के सभी संयोजक संगीता भूतड़ा, शीतल मुदडा, पायल भूतड़ा, सीमा कासट, आरती सोड़ानी, निशा मुदडा, राजश्री भूतड़ा, सीमा पलोड, सुनीता जावंधिया, निर्मला झंवर ने सभी वर्ग के सभी समाजजन से आग्रह किया है कि सभी आये और मेले का भरपुर लाभ लेवे।

## जायसवाल की रजिस्ट्री में किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा नहीं हुआ है : सोलंकी

- करोड़ों की जमीन ठगी-दलाल और रजिस्ट्री ऑफिस कर्मियों की मिलीभगत-जायसवाल






**उज्जैन। करोड़ों रुपये की कृषि भूमि को भूखंड के सौदे की आड़ में हड़पने का एक सनसनीखेज मामला उज्जैन जिले के महिदपुर से सामने आया है। वृद्धावस्था और बीमारी से जूझ रहे एक सेवानिवृत्त डॉक्टर ने अपने साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मचारियों और दलालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने रोड से लगी कीमती कृषि भूमि का फर्जी विक्रयपत्र तैयार कर करोड़ों की संपत्ति हड़पने की साजिश रची।**

महिदपुर के निवासी 69 वर्षीय डॉ. जगदीश चंद्र जायसवाल ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके स्वामित्व वाली ग्राम ताजपुरा की रोड से लगी कृषि भूमि, जिसका बाजार मूल्य करीब 6 करोड़ रुपये है को भूखंड विक्रय के बहाने जालसाजी से हड़प लिया गया। डॉ. जायसवाल का आरोप है कि महिदपुर निवासी मनोज कुमार वर्मा, जो खुद को सर्विस प्रोवाइडर बताता है ने सौदे के लिए उन्हें ग्राम सोमचिडी के नारायण सिंह और ग्राम बीरामखेड़ी के राजपाल सिंह से मिलवाया। यह सौदा 20 लाख रुपये में तय हुआ था, और उन्हें बैंक ऑफ इंडिया का 20 लाख का चेक भी दिया गया।

> डॉ. जायसवाल के अनुसार, उन्होंने महिदपुर तहसील के पास अनिमेष फोटोकॉपी एवं ऑनलाइन सेंटर पर जाकर भूखंड का विक्रयपत्र संपादित किया। परंतु, आरोपियों ने इसी प्रक्रिया के दौरान उनके मोबाइल नंबर और ईमेल की जगह फर्जी जानकारी दर्ज कर दी। नतीजतन, असली विक्रयपत्र का ड्राफ्ट उनके पास नहीं पहुंचा। आरोप है कि दलाल और रजिस्ट्रार ऑफिस के कर्मचारी बाबू कटलाना की मिलीभगत से ग्राम ताजपुरा की कीमती कृषि भूमि (सर्वे नंबर 94/3 रकबा 0.3910 और सर्वे नंबर 95/1 रकबा 0.8390 कुल रकबा 1.23 हेक्टेयर) का फर्जी विक्रयपत्र तैयार किया गया। रजिस्ट्रेशन के समय रजिस्ट्रार प्यारे लाल सोलंकी मौके पर मौजूद नहीं थे।



## नएक्यूप्रेशर एवं सुजोक थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नागदा. व्यापारी महासंघ एवं नागदा व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में सेवार्थ पहल के अंतर्गत एक्यूप्रेशर एवं सुजोक थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 19 जुलाई (शनिवार) से 24 जुलाई 2025 (गुरुवार) तक प्रतिदिन प्रात: 8 से 12 बजे तक एवं सायं 4 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा।** शिविर का स्थल अग्रवाल मांगलिक भवन (धर्मशाला), जवाहर मार्ग, बस स्टैंड है। गुरुवार को पोस्टर का विमोचन कर नगर वासियों से शिविर में सम्मिलित होने का अनुरोध व्यापारी महासंघ अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, नागदा व्यापारी संघ अध्यक्ष पंकज नामदेव, गोपाल सलूजा ऑटो डील संघ अध्यक्ष, दुर्गेश नागर सैमसंग सर्विस व्यवसाय, रमेश चंद्र पाल दूध महासंघ अध्यक्ष, ब्रजमोहन जी टांक डिस्पोजल संघ अध्यक्ष, सज्जन जी शेखावत, विकास सिंदल, बिंदु जैन तेल वाले संस्थापक अध्यक्ष व्यापारी महासंघ, नागदा व्यापारी संघ के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता द्वारा किया गया, और शिविर के संबंध में जानकारी प्रेषित की गई। शिविर में प्रत्येक रोगी को प्रतिदिन 15 से 20 मिनट का नि:शुल्क उपचार प्रदान किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन फीस मात्र ?100/- होगी, जो केवल एक बार देय है। चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह नि:शुल्क रहेंगी। इस विशेष शिविर में पुराना सरदर्द, साइटिका, आंख की समस्याएं, वैरिकोज वेन्स, गले के रोग, मोटापा, घुटनों का दर्द, ब्लडप्रेशर, गैस, सर्वाइकल, कमर दर्द, जोड़ दर्द, लकवा, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, मस्सा-बवासीर, हाथ-पैरों में झुनझुनी आदि।

शिविर में एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग एवं ट्रीटमेंट संस्थान, जोधपुर (राजस्थान) के विशेषज्ञ-टी.एच. ओमप्रकाश सारण (एम.डी. इन एक्यूप्रेशर) एवं टी.एच. एच.आर. चौधरी (डी.ए.टी.) अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के आयोजन में व्यापारी महासंघ के संरक्षक श्री राजेन्द्र कांठेड़, अध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल, सचिव श्री रमेश मोहता, कोषाध्यक्ष अंकित सेठिया, तथा नागदा व्यापारी संघ के संयोजक दिलीप कांठेड़, अध्यक्ष श्री पंकज नामदेव, सचिव दिलीप सोनगरा कोषाध्यक्ष रस्मन जैन, तथा गोपाल सलूजा बद्री लाल पोरवाल राधेश्याम पोरवाल बिंदु जैन नरेंद्र राठी दीपक जैन सज्जन सिंह शेखावत तथा समस्त व्यापारी सदस्यों में चिकित्सा शिविर में नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य लाभ लेने का अनुरोध किया। शिविर में रजिस्ट्रेशन हेतु सज्जन बांका दौलत राम प्रजापत बृजमोहन टॉक निलेश चौधरी विकास सिंदल से मोबाइल नंबर 9827 261 001, 98 27631 911, 789 8445111 पर कर सकते हैं।

## देवी-देवताओं की तस्वीर जलाई और धार्मिक भावना आहत

- झारड़ा थाने में शिक्षक पर प्रकरण दर्ज





**महिदपुर। शासकीय माध्यमिक विद्यालय नागपुरा थाना झारड़ा क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं को आहत करने का गंभीर मामला सामने आया है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 16 जुलाई को शाम लगभग 4 बजे शिक्षक शकील मोहम्मद ने कक्षा में उपस्थित बच्चों के सामने भारत माता व अन्य देवी-देवताओं की तस्वीरें जलाई और तोड़ी।**

छात्र -छात्राओं के मुताबिक शिक्षक बच्चों से यह भी कहा करता था कि कुरान पढ़ो, मैं तुम्हें नमाज पढ़ना और बोलना सिखाऊंगा। किसी के पैर नहीं पड़ना चाहिए, माता-पिता को जूते मारो और भी कई तरह से बच्चों को बरग़ला ता था

### घटना के बाद बच्चों को धमकाया

सूत्रों के अनुसार शिक्षक पूर्व में भी इस तरह की हरकतें कर चुका है और लसुड़िया मंसूर सहित अन्य गांवों में भी इस प्रकार के कृत्य करने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। पूर्व में बच्चों को किसी को यह बताना बताने के लिए कहा और कहा कि अगर किसी को कहा तो ठीक नहीं होगा। अगले दिन विद्यालय परिसर के बाहर अधजली भारत माता की तस्वीर पड़ी मिली, जिसे सुरक्षित कर लिया गया और अन्य लोगों को भी दिखाया गया। थाना झारड़ा पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट के आधार पर शिक्षक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 और 351(3) के अंतर्गत मामला दर्ज कर शिक्षक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### बजरंग दल का हस्तक्षेप

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भी मोर्चा संभाला। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शिक्षक पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

### गांव में आक्रोश

इस घटना से ग्रामीणों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और शिक्षक पर शीघ्र एवं सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

**एक नजर** — हिंदू संगठन की बैठक में हुआ निर्णय

## आदर्श वाल्मीकि महापंचायत व हिंदू संगठन धरना देकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे

- मंदसौर महिला थाना प्रभारी रानी बेग के खिलाफ 25 जुलाई को आईजी कार्यालय पर हिंदू संगठन का विशाल धरना
- वाल्मीकि महापंचायत ने भी दिया अपना समर्थन



**उज्जैन। मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास, हिंदू टाइगर फोर्स भारत, राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत व आदर्श वाल्मीकि महापंचायत के द्वारा 25 जुलाई दोपहर 1 बजे आईजी कार्यालय पर सामूहिक धरना दिया जाएगा।** धरना स्थल पर विरोध स्वरूप हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद उज्जैन आईजी से पूछा जायेगा की रानी बेग की कौन सी योग्यता के आधार पर उसको मंदसौर थाना प्रभारी बनाया गया है जबकि 10 ऐसे मामले रानी बेग के खिलाफ चल रहे हैं जो बड़े गंभीर हैं। एक मामले में तो रानी बेग उज्जैन के न्यायालय में जमानत पर बाहर है।

उक्त निर्णय 18 जुलाई को हुई हिंदू संगठन की बैठक में लिया गया। मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास के संस्थापक व अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने बताया कि नाबालिक बच्चे की जबरन खतना कर मुस्लिम धर्म में ले जाकर रानी बेग ने जो अपराध किया है उसके खिलाफ उज्जैन के अनेक हिंदू संगठनों के द्वारा मध्य प्रदेश के वरिष्ठजनों को कई बार ज्ञापन देकर मयसबूत के साथ शिकायत की। मंदसौर महिला थाना प्रभारी रानी बेग व उसके पति तारीक हुसैन और मुस्लिम धर्म गुरु देवास के खिलाफ अपराधी मामला पंजीकृत करने के मांग दोहराई गई थी लेकिन कुंभकरण की गहरी नींद सोई पुलिस रानी बेग के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाए पुरस्कार के तौर पर मंदसौर में पुलिस महिला थाना प्रभारी वापस बना दिया। इसके विरोध में हिंदू संगठन की बैठक देवास गेट कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में आदर्श वाल्मीकि महापंचायत के अध्यक्ष राकेश गिरजे भी उपस्थित थे। मनीष चौहान ने कहा कि डीजीपी के आदेश है भ्रष्ट अधिकारियों व थाना प्रभारी पर भी कार्रवाई की जायेगी। जिनके विरुद्ध न्यायालय में व विभाग में गंभीर जांच लंबित है उनको किसी थाने का चार्ज नहीं दिया जाए इसके बाद भी रानी बेग को बर्खास्त करने की बजाये थाना प्रभारी बना दिया गया। यह आश्चर्य की बात है। बैठक में मुख्य रूप से मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास, के संस्थापक व अध्यक्ष व हिंदू टाइगर फोर्स भारत राष्टीय महासचिव मनीष सिंह चौहान, राष्टीय हिंदू परिषद भारत के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमावत, आदर्श वाल्मीकि महापंचायत के अध्यक्ष राकेश गिरजे, गोरक्षा न्यास के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमावत, राजकुमार झांझोट, संदीप यादव, सुनील तिवारी आदि उपस्थित रहे.